SPBahraich के कुशल निर्देशन में, थाना रूपईडीहा पुलिस व #SSB की संयुक्त टीम द्वारा 500 ग्राम नाजायज चरस (कीमत करीब 15 लाख रूपये) के साथ 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

चरस के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

जासं • बहराइच : रूपईडीहा पुलिस व एसएसबी टीम ने चेकिंग के दौरान एक महिला तस्कर के पास 500 ग्राम चरस बरामद की। थानाध्यक्ष शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार को एसएसबी के साथ संयुक्त टीम बनाकर एसएसबी चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान एक नेपाली महिला को रोककर जब उसके थैले की तलाशी ली गई तो 500 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित महिला की पहचान सीता कुमारी बुढा निवासी मिरुल वार्ड नं0-04 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल की रहने वाली है। एसओ ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।